समाचार

# निगम का मुख्य कार्यालय आम जन के लिए आगामी आदेश तक बंद रहेगा

## (पानी,बिजली,साफ सफाई जैसी आवश्यक सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रहेगी)

कोरबा 13 अगस्त 2020 – कोरोना वायरस संक्रमण को देखते हुए नगर निगम कोरबा का मुख्य कार्यालय साकेत भवन आम जनता के लिए आगामी आदेश तक बंद रहेगा, वही पेयजल, सड़क रोशनी, साफ सफाई कार्य जैसी आवश्यक सेवाएं निर्बाध रूप से जारी रहेगी।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य कार्यालय साकेत भवन में कार्यरत 4 कर्मचारियों के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के कारण निगम के मुख्य कार्यालय को आम जनता के लिए आगामी आदेश तक बंद रखा गया है। निगम के जोन कार्यालयों में सीमित संख्या मे स्टाफ़ कोबिड–19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए नागरिक सेवाओं से संबंधित कार्यो का निर्बाध संपादन करायेगे, तथा पानी, सड़क रोशनी, साफ सफाई जैसी आवश्यक सेवाए जारी रहेगी, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।